ब्रीफ न्यूज

भारत की विजय पर किलकारी में उत्सवी माहौल

गया (रासासं): एशियाई वूमेंस हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी के फाइनल मैच में भारत की शानदार जीत पर किलकारी के बच्चों ने किलकारी बिहार बाल भवन गया के परिसर में खूब मजे किए। बच्चों का उत्साह इसलिए भी था की सभी देशों के खिलाड़ियों को तथा अतिथियों का एयरपोर्ट वह होटल में स्वागत व अभिनंदन का कार्य किलकारी के बच्चों ने ही किया था। सभी खिलाड़ियों से इनका सीधा जुड़ाव बना था ! विशेष रूप से भारतीय हॉकी महिला टीम को लेकर बच्चे सबसे ज्यादा उत्साहित बने हुए थे। सुबह में जैसे ही किलकारी के प्रमंडल कार्यक्रम समन्वयक राजीव रंजन श्रीवास्तव ने बच्चों को बताया कि आज भारत और चीन के बीच फाइनल मैच है। इसके पूर्व भारत की हॉकी टीम ने जापान की टीम को हराकर फाइनल मैच खेलने के लिए अपने आप को तैयार किया है। बच्चों ने खिलाड़ियों की तस्वीरों को अखबारों से कटकर शुभकामना के बड़े पोस्टर बनाए और संयोग यह भी बना की फाइनल मैच के दिन भी किलकारी के कई बच्चों ने कई अतिथियों और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं खेल मंत्री के स्वागत में एयरपोर्ट पर तैनात रहे। कई बच्चों ने बताया कि हमारी भारतीय महिला हॉकी टीम मैच के शुरू से ही सभी टीमों पर भारी बनी रही हालांकि बीच में यह भी समय आया की टीम थोड़ी लड़खड़ाई लेकिन टीम की कप्तान सलीम टेटे ने अपने खिलाड़ियों का मनोबल बनाए रखा और हर खेल में सब ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। किलकारी के नृत्य विद्या के बच्चों में पूजा कुमारी, रुपाली कुमारी, पल्लवी कुमारी, रिया कुमारी, सुप्रिया कुमारी, मुस्कान कुमारी, वह प्रशिक्षक गौतम कुमार गोलू वह सभी प्रशिक्षक और बच्चों ने बहुत ही हर्ष जाहिर किया। भारत की महिला हॉकी टीम का राजगीर में विजय अभियान को मोबाइल व टीवी स्क्रीन के माध्यम से बच्चों ने खेल का खूब लुफ्त उठाया।

नितिन गडकरी की संभावित यात्रा को ले डीएम ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

गया (रासासं): नितिन गडकरी केंद्रीय मंत्री भारत सरकार का 21 नवंबर 2024 को संभावित गया बोधगया परिभ्रमण कार्यक्रम के अवसर पर जिला पदाधिकारी गया डॉ. त्यागराजन एसएम ने प्रस्तावित संबंधित स्थलों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। गया एयरपोर्ट से सीधे वो महाबोधि कन्वेंशन सेंटर जाएंगे एवं मगध विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शिरकत होंगे। उसके पश्चात सड़क मार्ग से वह सीधे मगध विश्वविद्यालय मुख्य गेट के सेट दूसरे छोर पर बनाए गए भव्य पंडाल में नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम एवं आमसभा को संबोधित करेंगे। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि डी- एरिया के साथ-साथ स्टेज की मजबूती हर हाल में जांच कर ले। जिस स्तर का भी प्रोटोकॉल हैं, उन्हें पूरी तरह पालन करना होगा। इसके अलावा उन्होंने सिटिंग अरेंजमेंट का भी जानकारी लिया। बताया गया कि इस पंडाल में 2000 लोगों की एकत्रित होने की व्यवस्था रखी गई है। इसके लिए प्रॉपर बैरिकेडिंग, डी-एरिया, टॉयलेट, पेयजल इत्यादि की भी व्यवस्था रखी गई है। अति विशिष्ट आगंतुकों के लिए अलग से पार्किंग व्यवस्था रखी गई है। आम जनों के लिए भी अलग पार्किंग व्यवस्था रखी गई है। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया है कि आमजनों को पंडाल में पहुंचने के लिए पर्याप्त एंट्री गेट एवं निकास द्वार रखें ताकि आसानी से लोग आ जा सके उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बोधगया को निर्देश दिया है कि दो मोहन से मगध यूनिवर्सिटी एवं दो मोहन से महाबोधि मंदिर था सफाई व्यवस्था की पूरी व्यवस्था रखें इसके पश्चात वह सीधे महाबोधि मंदिर जाएंगे तत्पश्चा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को अवलोकन करेंगे उसके पश्चात महाबोधि सोसाइटी बोधगया जाएंगे। निरीक्षण के क्रम में अपर समाहर्ता राजस्व, भूमि सुधार उप समाहर्ता सदर, अनुमण्डल पदाधिकारी सदर, पुलिस उपाधीक्षक बोधगया, जिला जन संपर्क पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

सूर्य मंदिर धाम में कराया गया प्रेमी युगल की शादी

कोंच (रासासं): गोह थाना क्षेत्र के महदीपुर गांव में बुधवार को एक प्रेमी जोड़े का विवाह हिंदू रिति रिवाज के साथ कोंच थाने के निम्माही सूर्य मंदिर धाम में करवाया गया। केंथी गांव निवासी सुधीर कुमार, महदीपुर गांव निवासी अमित पासवान की पुत्री चांदनी कुमारी से कुछ दीन पहले शादी तय हुई थी जो मोबाइल के जरिए लड़की और लड़का में बातचित होते रहता था और प्रेम करता था। सुधीर चांदनी से मिलने मंगलवार की रात महदीपुर गांव पहुंचा। ग्रामीणों ने दोनों को एक साथ पकड़ाः चांदनी और सुधीर के मिलने की जानकारी युवती के परिजन सहित ग्रामीणों को हो गई। ग्रामीणों ने दोनों को एक साथ पकड़ लिया, जिसके बाद गांव में ग्रामीणों सहित युवक व युवती पक्ष के लोगों की उपस्थित में दोनों का विवाह कराने का निर्णय लिया गया। फिर गांव से सटे निम्माही सूर्य मंदिर धाम में बुधवार को दोनों का विवाह करवाया गया। और लड़की लड़का सुरक्षित वाहन द्वारा घर चलाया गया। वही विवाह समय श्रीधर कुमार,पंडा जी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

दूसरे दिन अध्यक्ष पद के 22 और सदस्य पद के लिए 71 लोगों ने किया नामांकन

इमामगंज (रासासं): कोंच पैक्स चुनाव के नामांकन के दूसरे दिन अध्यक्ष पद के लिए 22 और सदस्य पद के लिए 71 लोगों ने नामांकन किया है. जिसमें अध्यक्ष पद पर 22 लोगो ने पर्चा दाखिल किया है. वहीं सदस्य पद पर 20 महिला और 51 पुरुष ने पर्चा भरा है. इस संबंध में निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ संजय कुमार ने बताया कि नामांकन के दूसरे दिन अध्यक्ष पद पर 22 और सदस्य पद पर 71 लोगों ने पर्चा भरे है. इधर दुबहल पैक्स से अध्यक्ष पद पर धर्मेंद्र कुमार एव अजित कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किया. जहां समर्थकों ने माला पहनकर कर भव्य स्वागत किया।

युवा मोर्चा के प्रवक्ता छोटू बारिक ने उपमुख्यमंत्री को विष्णु चरण किया भेंट

गया (रासासं) : श्री विष्णु पद वेदी स्थित श्री विष्णु चरण कमल के दर्शन पूजन हेतु बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज एवम खेल मंत्री श्री मनसुख मांडविया जी गया क्षेत्र आए।श्री विष्णु पद पर पूजन तुलसी अर्चन कर उन्होंने भारत देश एवं बिहार के कल्याण के लिए भगवान श्री गया गदाधर महाविष्णु जी से प्रार्थना किए । भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रवक्ता छोटू बारिक ने प्रसाद ,अंग वस्त्र एवं श्री विष्णु चरण कमल चिन्ह भेंट किया गया।

पैक्स में नामांकन को लेकर बांके बाजार प्रखंड मुख्यालय में उमड़ी भीड़

गाजे बाजे के साथ जनप्रतिनिधियों ने किया पर्चा दाखिल, ग्रामीण जनता ने पैक्स अध्यक्ष व सिस्टम पर उठाया सवाल

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

शेरघाटी कोर्टः अनुमंडल के बांके बाजार प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को पैक्स में नामांकन को लेकर जनप्रतिनिधियों में होड़ मचा हुआ है। जनप्रतिनिधियों ने अपने समर्थको के साथ ढोल नगाड़े और गाजेबाजे से पैक्स अध्यक्ष के लिए नामांकन दाखिल किया। जिसे लेकर प्रखंड मुख्यालय में काफी भीड़ देखने को मिला। वही रोशनगंज पंचायत से पैक्स अध्यक्ष पद के लिए पूर्व पैक्स अध्यक्ष उपेंद्र सिंह बैताल पंचायत से अध्यक्ष के लिए उपेंद्र प्रसाद और बरहेता पंचायत से पैक्स अध्यक्ष के लिए मुखिया सह पूर्व पैक्स अध्यक्ष रघुनाथ यादव इत्यादि दर्जनों जनप्रतिनिधियों ने अपना पर्चा दाखिल किया।

उधर गया में एक ओर जनप्रतिनिधियों ने जनता से तरह-तरह के वादे कर मतदाताओं को रूझानो में लगे हुए हैं। तो एक ओर ग्रामीण जनता ने पैक्स अध्यक्ष एवं सिस्टम पर संगीन आरोप लगाते हुए लोग शिकायत कर रहे हैं कि कुछ ऐसे पैक्स अध्यक्ष हैं जो अपने फायदे के लिए नियम कानून को ताख पर रखकर केवल अपने समर्थकों को ही पैक्स में नाम जोड़ने का काम किया है। ताकि मतदान के समय उन्हें काफी संख्या में वोट मिल सके। उन्होंने आगे बताया है कि पैक्स में नाम जुड़वाने के लिए हमलोगो ने ऑनलाइन किया और पैक्स अध्यक्ष के पास एक कॉपी जमा किया पर हमलोगों का नाम नहीं जुड़ सका। जिसका कारण भी हमलोगों को नहीं बताया गया है की आखिर आवेदन क्यों रद्द किया गया है। पैक्स में नाम जुड़वाने के लिए हमलोगों ने कई बार कार्यालय का चक्कर भी लगाया और हमलोगों ने शेरघाटी एसडीओ कार्यालय में इसकी गुहार लगाया पर कुछ नही हुआ। ऐसे सिस्टम पर सवालिया निशान खड़ा होता है की इसमें पैक्स अध्यक्ष अपने मनमानी करते हैं या सिस्टम का दोष है। जिससे सैकड़ो लोग वोट देने से वंचित हो गए हैं। एक ओर बिहार सरकार लोगों का काम आसान करने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया किया है तो वहीं कुछ भ्रष्ट अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि के कारण आम जनता को परेशानियों का सामना करना पढ़ रहा है।

डॉ. मनीष ने भारतीय महिला हॉकी टीम की शानदार जीत पर दी बधाई

गया (रासासं): भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ.मनीष पंकज मिश्रा सहित भाजपा नेताओं ने भारतीय महिला हॉकी टीम की शानदार जीत पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियाई हॉकी चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में चीन को हराकर इतिहास रच दिया है। यह जीत भारतीय हॉकी की एक नई दिशा और संभावनाओं का प्रतीक है।इस अवसर पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि भारतीय महिला हॉकी टीम ने इस महत्वपूर्ण मैच में जिस प्रकार का संघर्ष और समर्पण दिखाया, वह देश के सभी नागरिकों के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने टीम की पूरी सदस्याओं को मुंह मीठा कराकर बधाई दी और उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प को सराहा। डॉ. मिश्रा ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा खेलों को प्रोत्साहित करने और खिलाड़ियों को सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा, इस शानदार जीत को ऐतिहासिक बताते हुए भारतीय खेल जगत में महिला खिलाड़ियों के प्रति सम्मान और प्रोत्साहन को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। नेताओं ने भारतीय हॉकी संघ और खिलाड़ियों के कोचिंग स्टाफ की मेहनत की सराहना की, जिन्होंने इस जीत को संभव बनाने में अहम भूमिका निभाई।यह जीत न केवल भारतीय महिला हॉकी के लिए, बल्कि सम्पूर्ण देश के लिए गर्व का क्षण है। इस जीत ने भारतीय खेलों में महिलाओं के योगदान को एक नया आयाम दिया है।

संगठन पर्व के तहत कार्यशाला आयोजित

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

गयाः भारतीय जनता पार्टी द्वारा अतरी विधानसभा के अतरी मंडल के टेटुआ सूर्य मंदिर के प्रांगण में संगठन पर्व 2024 के तहत एक दिवसीय कार्यशाला मुख्य अतिथि अतरी विधानसभा सदस्यता प्रभारी अतरी मंडल सहयोगी अशोक कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित हुआ जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विष्णु कांत ने किया। संगठन पर्व के तहत क्षेत्र के लगभग सभी जगह पर बूथ सहयोगी के गठन का आदेश दिया गया। आज यहां टोटल 8 शक्ति केंद्र पर एक शक्ति केंद्र सहयोगी को सर्वसम्मति संयुक्त किया गया सभी बूथों पर 12 सदस्य बुद्ध कमेटी के गठन पन्ना प्रमुख बीपीएल 2 के गठन का कार्य एवं दो-दो सक्रिय सदस्य बनाने का भी निर्देश दिया गया। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से अरुण सिंह शंकर दयाल सिंह, शंभू पांडे, शिवकुमार सिंह, रामाशीष सिंह, रोहित कुमार, जितेंद्र कुमार,जसवीर सिंह के अलावा अनेकों कार्यकताओं ने भाग लिया।इसके साथ-साथ बथानी मंडल के कार्यशाला संगठन सहयोगी सत्यशील मोहरा मंडल से उत्तर बाजार के कार्यशाला के सहयोगी अनिल सिंह के साथ भी उन सभी जगह पर भाग लिया।

ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन गया ने चुनाव अभियान के तहत किया गेट मीटिंग

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

गयाः ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन गया शाखा द्वारा रेल अनुमंडल अस्पताल गया में कार्यरत कर्मचारियों के साथ मान्यता हेतु चुनाव अभियान के तहत गेट मीटिंग किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद ने किया एवं आगामी चार- पांच दिसंबर को होने वाले चुनाव में उपस्थित कर्मचारियों से ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन को वोट देने की अपील की। मुख्य वक्ता के रूप में ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन हाजीपुर के केंद्रीय कोषाध्यक्ष सह पीएनएम प्रभारी डीडीयू कामरेड मिथिलेश कुमार ने रेलवे अस्पताल के कर्मचारी एवं सी एच आई के कर्मचारियों को बताया कि रेल अनुमंडल अस्पताल को भारत सरकार/ रेल मंत्रालय बंद कर पॉलीक्लिनिक खोलने जा रही थी जिसका यूनियन ने पुरजोर विरोध किया और समीक्षा हेतु जो कमेटी बनाई गई थी उसमें यूनियन का एक सदस्य होने के नाते काफी लिखा पड़ी करने के बाद गया स्थित रेल अनुमंडल अस्पताल को बचाया जा सका है। रेलवे अस्पताल का गया में होना अपने आप में कर्मचारी हित के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है नहीं तो गया के कर्मचारियों को बाहर जाकर इलाज करना पड़ता तथा छोटी-मोटी समस्याओं हेतु भाग दौड़ करनी पड़ती। रेल अनुमंडल अस्पताल में डॉक्टरों की उपलब्धता ,नर्स की उपलब्धता, दवाइयां की पर्याप्त आपूर्ति करवाना साथ ही आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराना, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करवाना, साफ सफाई की व्यवस्था करवाना यह सभी कार्य ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन प्राथमिकता के आधार पर आज तक करवाते आई है। अनुमंडल अस्पताल के कर्मचारियों को प्रमोशन ,एमएसीपी, नर्सिंग अलाउंस, रोगी देखभाल अलाउंस आदि सुविधाएं दिलवाने का कार्य किए हैं अतः इस बार चार -पांच दिसंबर के चुनाव में पूर्व की भांति लगातार तीसरी बार ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन को अपना बहुमूल्य मत देकर अवश्य विजय बनावे।

इस अवसर पर कामरेड मिथिलेश कुमार, लक्ष्मण प्रसाद, संजीत कुमार, कुणाल रंजन, नित्यानंद प्रसाद, नीरज कुमार, विनोद कुमार, अजय कुमार सिंह, दिलीप कुमार, राकेश कुमार, श्रीनिवास सिंह, मदन राम, गणेश रजक, नर्मदा शांडिल्य, आशा कुमारी, पूर्व अध्यक्ष गया शाखा रामप्रवेश प्रसाद के अलावा बहुत सारे रेल अनुमंडल अस्पताल के कर्मचारी एवं सी एच आई के कर्मचारी उपस्थित थे।

समाजसेवी कृष्णदेव प्रसाद दाँगी एव भाजपा नेता के मां का हुआ निधन

इमामगंज (रासासं): इमामगंज प्रखंड क्षेत्र के सिद्धपुर गांव के रहने वाले समाजसेवी कृष्णदेव प्रसाद दाँगी की लंबी बीमारी के बाद पटना के एम्स हॉस्पिटल में अंतिम सांस लिया। इधर मृत्यु के सूचना मिलते ही गांव एवं परिजनों में मायूषी छा गया। वही भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष संजय सिंह की मां जयंती देवी का देहांत बुधवार को होने से भाजपा परिवार सहित क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। उनका दाह संस्कार गांव के श्मशान घाट पर किया गया है। वे लगभग एक सौ वर्ष की थी।

इधर भाजपा नेता की मां की मृत्यु की खबर जैसे ही भाजपा परिवार एवं क्षेत्र वासियों को लगी लोग उनका अंतिम दर्शन करते हुए आत्मा की शांति के ईश्वर से प्रार्थना किया। इस मौके पर राकेश कुमार सहित बड़ी संख्या में उनके परिजन एवं शुभचिंतक उपस्थित थे।

सीयूएसबी में संविधान दिवस सप्ताह का शुभारंभ

26 नवंबर तक संविधान के मूल्यों पर आधारित आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

गयाः दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) में ₹संवैधानिक मूल्यों को जानो, पहचानो और अपनाओ₹ विषय पर संगोष्ठी के साथ संविधान दिवस सप्ताह की शानदार शुरूआत हुई` उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने संविधान के मूल्यों एवं संविधान में निहित कर्तव्यों पर प्रकाश डाला ।उन्होंने पांच ₹ज₹ जन, जानवर, जल, जमीन, एवं जंगल के संरक्षण पर जोर दिया।जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री राज कुमार राजपूत, विशेष एक्साइज जज , गया एवं श्री नलिन कुमार पांडे, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश मौजूद थे। मुख्य अतिथि श्री राज कुमार राजपूत,ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि संविधान नागरिकों को सशक्त बनाता है, और नागरिक संविधान को. किसी भी अधिकार का दावा करने से पहले हमें अपने कर्तव्यों को निभाना चाहिए। नलिन पांडे, एडीजे, गया ने अपने वक्तव्य में कहा कि अति सर्वत्र वर्जते, संवैधानिक अधिकारों से अधिक आवश्यक संवैधानिक मूल्यों का पालन है। समाज में मूल्यों का समावेश संवाद और सहभागिता से होता है। संविधान को हम मदर लॉ के रूप में सम्मानित करते हैं। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. वी. पी. तिवारी, एनएलयू नागपुर ने ऑनलाइन माध्यम से संविधान के मूल्यों और इसके मूलभूत ढांचे की महत्ता पर जोर दिया` उन्होंने कहा कि मूल्य व्यक्ति के शरीर से भी अधिक महत्वपूर्ण हैं। संविधान के अनुशासन और कर्तव्यों का पालन अत्यंत पवित्र और शुद्ध है। इन वक्तव्यों से पहले कार्यक्रम की शुरूआत प्रो. संजय प्रकाश श्रीवास्तव के स्वागत भाषण से हुई । उन्होंने डॉ. बी.आर. अंबेडकर का उल्लेख करते हुए कहा, संविधान की सफलता इस पर निर्भर करती है कि नागरिक इसे कैसे अपनाते और व्याख्या करते हैं। इसके पश्चात, डॉ. सुरेंद्र कुमार ने पूरे सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। अंत में, श्री मणि प्रताप, कार्यक्रम समन्वयक ने आए हुए अतिथि, सहभाग, प्रतिभागी, छात्रों का धन्यवाद ज्ञापन किया ।उन्होंने कहा कि 26 नवंबर तक विभिन्न प्रतियोगिताएं और संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें संविधान के मूल्यों पर गहन चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर प्रो. पी के दास, डॉ. पूनम कुमारी, डॉ नेहा शुक्ला, डॉ अनुराग अग्रवाल, प्रो. एम. के. शर्मा, प्रो. के शिव शंकर, श्रीमती रेणु, डॉ रचना विश्वकर्मा, आशीष, रंजन, विष्णुकांत, सक्षम, एवं रिया आदि मौजूद रहे।

भुंजा के विवाद में जमकर मारपीट इलाज के दौरान युवक की मौत

परिजनों का हुआ रो रोकर बुरा हाल

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

कोंच : कोंच बाजार के मोड़ पर सोमवार के रात भूंजा बनाने को लेकर हुए मामुली विवाद के बाद कुछ युवकों द्वारा मोक गांव के कुंदन कुमार को लाठी डंडे से पीट कर हत्या कर दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार कि रात भुंजा बनाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था जिसमें कुछ असामाजिक तत्व के लोगों के द्वारा रास्ते में जाने के क्रम में पकड़ कर कुंदन कुमार पिता रामाधार शर्मा को जमकर पिटाई कर दिया जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल कुंदन कुमार को कोंच डीह के लोगों एवं उसके परिजनों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां से स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान मंगलवार की रात उसकी मौत हो गई। वही परिजनों का कहना है कि घायल कुंदन कुमार को प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया जहां से चिकित्सकों ने पटना रेफर कर दिया परंतु पटना पहुंचते ही उसकी मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आ गई और घटना में शामिल असामाजिक तत्व के युवकों को रात में ही शक के आधार पर गिरफ्तार कर लिया गया। सड़क जाम के दौरान दबंग पूर्व मुखिया को घटना में शामिल होने एवं उसे गिरफ्तार करने को लेकर ग्रामीणों के द्वारा हंगामा किया गया जिसके बाद टिकारी डीएसपी सुशांत कुमार चंचल ने घटना में शामिल लोगों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया।

शव के साथ परिजनों ने सड़क जाम किया कुंदन कुमार की शव जैसे ही गांव पहुंचा गांव एवं आसपास के पूरे इलाके के लोग वहां इकट्ठा हो गए और शव को गया गोह मुख्य पथ को कोंच नहर के पास जाम कर दिया उसके बाद में टिकारी डीएसपी सुशांत कुमार चंचल एवं थाना अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह , प्रखंड विकास पदाधिकारी विपुल भारद्वाज के द्वारा समझाने बुझाने के बाद लोगों ने सड़क को जाम से निजात दिलाया और शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए मगध मेडिकल कॉलेज भेजा।

तमिलनाडु एसआरएलएम के अधिकारियों ने गया में जीविका दीदियों से संवाद कर एसजेवाई कार्यक्रम का किया अवलोकन

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

गयाः बिहार सरकार की सतत जीविकोपार्जन योजना (एसजेवाई) के तहत गरीबी उन्मूलन और ग्रामीण विकास के प्रयासों का अध्ययन करने के लिए तमिलनाडु राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) के अधिकारियों ने गया के बोधगया और मानपुर प्रखंडों का दौरा किया। मानपुर टीम में तमिलनाडु एसआरएलएम की अतिरिक्त मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सुश्री मुथुमीनल, बीआरएसी, प्रादन, क्रिप्स और बंधन कोन्नगर के प्रतिनिधि शामिल थे।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने पंचायत सरकार भवन इलरा (बोधगया) और नानौक (मानपुर) में समुदाय के सदस्यों और जीविका दीदियों से संवाद किया। उन्होंने एसजेवाई योजना के तहत लाभार्थियों के चयन, सत्यापन, स्वरोजगार के लिए परिसंपत्ति हस्तांतरण, और सामुदायिक संगठनों की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की। बोधगया और मानपुर के आदर्श क्लस्टर संकुल संघ (सीएलएफ) में उन्होंने सामाजिक कार्य समिति, खरीद समिति, और स्वास्थ्य उपसमिति जैसे विभिन्न समितियों के कार्यों को समझा।

इस दौरान जीविका दीदियों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि एसजेवाई योजना ने उनके जीवन में क्या सकारात्मक बदलाव लाए हैं। तमिलनाडु एसआरएलएम की सुश्री मुथुमीनल ने मानपुर में जीविका दीदियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे इन पहलों को अपने राज्य में भी साझा करेंगी।

बोधगया और मानपुर में आयोजित इमर्शन एंड लर्निंग एक्सचेंज (आईएलई) कार्यक्रम के तहत अधिकारियों ने लाभार्थियों से जुड़े सवाल पूछे, जिनका सामुदायिक सदस्यों ने प्रभावी और उत्साहजनक उत्तर दिए। प्रतिनिधियों ने बिहार सरकार की इन पहलों की सराहना करते हुए कहा कि यह मॉडल गरीबी उन्मूलन और ग्रामीण विकास के लिए अन्य राज्यों के लिए प्रेरणादायक है। मानपुर में आयोजित कार्यक्रम में सुश्री मुथुमीनल के साथ बीआरएसी की राधिका, बंधन कोन्नगर की दीपा गुप्ता, और जीविका जिला कार्यालय से विमलेश विक्रांत, दिनेश कुमार, गौतम कुमार, जय राम सिंह, बीपीएम शुभराज प्रियदर्शी और प्रखंड टीम उपस्थित थे। बोधगया में तमिलनाडु एसआरएलएम की टीम के साथ अनुपम जाना, कुंदन लाल साह, प्रमोद कुमार, दिवेश कुमार, जुली कुमारी, भास्कर कुमार और प्रखंड जीविका कर्मी उपस्थित रहे।

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः 501, सैलकॉन ऑरम, जसोला जिला केन्द्र, नई दिल्ली- 110025
सीआईएनः U65900DL2020PLC366027

नीलामी सूचना

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निम्नलिखित उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि बैंक द्वारा जारी व्यक्तिगत नोटिस सहित विभिन्न मांगों और नोटिसों के बावजूद बैंक से उनके द्वारा लिए गए गोल्ड लोन का भुगतान नहीं किया गया है। सभी उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि बैंक के पास सुरक्षा के रूप में रखे गए सोने के आभूषणों की नीलामी करने का निर्णय लिया गया है और तदनुसार 29.11.2024 को दोपहर 3:00 बजे उस बैंक परिसर में नीलामी की तारीख तय की गई है जहां से ऋण लिया गया था। उधारकर्ताओं, खाताधारकों और आम जनता सहित सभी लोग नीलामी की शर्तों और नियमों के अनुसार इस नीलामी में भाग ले सकते हैं।

शाखा	खाता नंबर	धारक का नाम	पिता/पत्नी का नाम	पता	खाता खोलने की तिथि	भुगतान करे
इंदिरापुरम	101942517561	गौतम कुमार	बेकन सिंह	एक्वा मातसो फतेहपुर, गया, बिहार, 824232	19-05-2024	50,979.56
इंदिरापुरम	101942518463	सोनी देवी	उमेश झा	रोड नं.-10 राजेन्द्र नगर , पटना, बिहार, 800016	20-07-2024	65,627.14

नीलामी तिथि 29.11.2024@03:00 बजे है।

बैंक किसी भी खाते को नीलामी से हटाने या बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड